कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के स्नातक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत (चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर), स्नातकोत्तर (चतुर्थ सेमेस्टर) तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत (चतुर्थ, षष्टम, अष्टम एवं दशम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल तथा एन0ई0पी0 द्वितीय सेमेस्टर, स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर तथा व्यावसायिक द्वितीय सेमेस्टर हेतु समर्थ पोर्टल दिनांक 20–04–2024 से दिनांक 25–04–2024 तक खोला जा रहा है। एन0ई0पी0 से आच्छादित परीक्षार्थी परीक्षा फार्म में अपनी एबीसी आईडी स्पष्ट रूप से अंकित करें ताकि उनके द्वारा अर्जित क्रेडिटों को एबीसी अकाउण्ट/डिजी लाकर में भी प्रविष्ट किया जा सके।

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सन्दर्भित सेमेस्टरों के विद्यार्थी उपरोक्तानुसार परीक्षा आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क तथा स्नातक/स्नातकोत्तर अन्तिम सेमेस्टर के विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क के अतिरिक्त आनलाईन उपाधि शुल्क (रू0 500/–) दिनांक 25–04–2024 तक आवश्यक रूप से भरना सुनिश्चित करें।

स्नातक व स्नातकोत्तर अन्तिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा आवेदन पत्र की प्रविष्टियों की जाँच आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें, तद्नुसार विश्वविद्यालय द्वारा उक्त प्रविष्टियों को उपाधि टंकण हेतु प्रयोग किया जायेगा। उक्त समस्त प्रविष्टियों को प्रवेश पत्र एवं सत्यापन प्रारूप में भी टंकित किया जाएगा। स्नातक/स्नातकोत्तर अन्तिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश पत्र की स्वहस्ताक्षरित द्वितीय प्रति को आवश्यक रूप से परीक्षा केन्द्र में जमा कराया जाना होगा। विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक परीक्षा दिवस पर सत्यापन प्रपत्र में टंकित प्रविष्टियों की पुनः जाँचोपरान्त ही उपस्थिति सत्यापन प्रपत्र में हस्ताक्षर करने होंगे। कक्ष निरीक्षक को भी संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को सम्पादित कराया जाना होगा तथा प्रविष्टियों में कतिपय त्रुटियों में सुधार हेतु पृथक से आवेदन पत्रों को संकलित कर उच्चत्तर माध्यम से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को हस्तगत करना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः केयू/गोपनीय/2024/123 दिनांकः 19–04–2024

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 20–04–2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
दैनिक जागरण, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
3– निदेशक, उच्च शिक्षा, निदेशालय गोलापार हल्द्वानी।
4– **समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर सन्दर्भित विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने व उक्त सूचना हेतु नोटिस बोर्ड व अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार व प्रसार कराने का कष्ट करें।**
5– कुलसचिव कु0वि0वि0 नैनीताल।
6– सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा) कु0वि0वि0 नैनीताल।
7– सम्बद्ध ऐजेन्सी कु0वि0वि0 नैनीताल।
8– ई0आर0पी प्रभारी, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।
9– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक